# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 08.11.2024 को आयोजित प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक– 2827 / JJM- / 245 दिनांक 20-11-2024

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन(हर घर जल) कार्यक्रम अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक दिनांक 08.11.2024 को विकास भवन सभागार में आयोजित की गई, जिसमे निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. इं0 राजेश कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
2. इं0 सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
3. इं0 निखिल कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
4. इं0 शिवम राजपूत, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, फिरोजाबाद।
5. श्री देवेन्द्र सिंह, जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0।
6. श्री विजय लोखण्डे, परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड।
7. श्री सुशील कुमार, डी0जी0एम0, मै0 एल0एण्डटी0 लिमिटेड।
8. श्री जैव नाईक, प्रतिनिधि, मै0 एल0एण्डटी0 लिमिटेड।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के 09 विकास खण्ड अन्तर्गत 780 नग राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिये राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित फर्मों नामतः मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड एवं मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा क्रमशः पैकेज–1 एवं पैकेज–2 के कार्य प्रगति पर है।

**(1.) पैकेज–01 :–**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन(फेज–4) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना के पैकेज–1 के अधीन निर्माणाधीन कार्यों के विषय में जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 के अन्तर्गत जल शोधन सयंत्र (WTP) 456 MLD जनपद एटा के विकास खण्ड निधौली कलां, ग्राम भड़ेरा में निर्माणाधीन है, प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| S. No. | STRUCTURE | TARGET as per Bar Chart | Actual Progress |
|---|---|---|---|
| 1 | Clear Water Rising Main Pipeline Laying & Jointing (36.12 Km./ 157.53 Km.) | 83% | 37% |
| 2 | MIBPS-02 PUMP HOUSE | 50% | 10% |
| 3 | MIBPS-02 CWR 2900 KL | 100% | 42% |
| 4 | MIBPS-01 CWR & PH 12700 KL | 54% | 25% |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | Chlorination Building & Yard | 36% | 4% |
| 6 | Chemical House | 23% | 4% |
| 7 | Filter Annexe Building | 24% | 0% |
| 8 | Clear Water Pump House | 34% | 7% |
| 9 | Clear Water Reservoir | 51% | 20% |
| 10 | Filter Beds with Back Wash Tank on Top | 41% | 5% |
| 11 | Clariflocculator | 44% | 14% |
| 12 | Cascade Aerator & Inlet Works | 25% | 3% |
| 13 | Raw Water Reservoir cum PH | 28% | 0% |
| 14 | Valve Chamber at RWR | 52% | 55% |
| 15 | Offtake Chamber & Connecting Channel | 52% | 15% |

**MANPOWER REQUIREMENT**

| S. No. | Detail | Nov'24 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Req. | Available | Balance |
| 1 | Off-take Arrangement | 20 | 15 | 5 |
| 2 | Water Treatment Plant | 635 | 223 | 412 |
| 3 | MIBPS-01 (Ramgarh) | 50 | 50 | 0 |
| 4 | MIBPS-02 (Indrai) | 20 | 20 | 0 |
| 5 | Pipeline - Route 1 & 2 | 80 | 80 | 0 |
| | **TOTAL :-** | **855** | **388** | **417** |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि निर्माण कार्य प्रगति बार–बार समीक्षा के बाद भी अत्यन्त कम है, जो खेदजनक है। उक्त पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं सम्बन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक व अधिशासी अभियन्ता, जलनिगम को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये। अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यों में विलम्ब के कारणों की जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि प्रारम्भ में DPR के संशोधन के पश्चात जल शोधन सयंत्र (WTP) की कैपिसिटी फाइनल होने एवं योजना के कार्य हेतु आवंटित भूमि पर विवाद होने तथा Structural Design & Drawing को IIT से वेट कराने के पश्चात योजना से सम्बन्धित कार्य माह – मार्च 2024 में प्रारम्भ हो सका। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को यह भी निर्देश दिये गये कि सम्पादित कराये जा रहे कार्यों में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाये, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

**(2.) <u>पैकेज–02</u> :–**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन(फेज–4) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना के पैकेज–2 के अधीन निर्माणाधीन कार्यों के विषय में जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–2 के अन्तर्गत प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

Scanned with OKEN Scanner

| S. No. | STRUCTURE | TARGET as per Bar Chart | Actual Progress |
|---|---|---|---|
| 1 | Distribution Network (2110 Km./5424.70 Km.) | 68.0% | 42.0% |
| 2 | Clear Water Rising Main (199 Km./1332.73 Km.) | 60.0% | 19.0% |
| 3 | IBPS - 7 (1050KL) - CWR | 60.0% | 65.0% |
| 4 | IBPS - 159 (700KL) - CWR | 60.0% | 52.0% |
| 5 | IBPS - 160 (600KL) - CWR | 60.0% | 46.0% |
| 6 | IBPS - 162 (600KL) - CWR | 60.0% | 49.0% |
| 7 | IBPS - 166 (650KL) - CWR | 60.0% | 30.0% |
| 8 | IBPS - 167 (950KL) - CWR | 60.0% | 41.0% |
| 9 | IBPS - 168 (1250KL) - CWR | 60.0% | 30.0% |
| 10 | IBPS - 170 (1250KL) - CWR | 60.0% | 56.0% |
| 11 | Boundary wall for OHT & IBPS | 60.0% | 33.0% |
| 12 | Staff Quarters at IBPS | 60.0% | 60.0% |
| 13 | Over Head Tank (145 Nos. WIP/249 Nos.) | 52.5% | 6.0% |

**MANPOWER REQUIREMENT**

| S. No. | Detail | Nov'24 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Req. | Available | Balance |
| 1 | Overhead Tanks | 294 | 225 | 69 |
| 2 | Clear Water Reservoir | 155 | 119 | 36 |
| 3 | Clear Water Pump House | 113 | 86 | 27 |
| 4 | Distribution Network | 481 | 368 | 113 |
| 5 | Clear Water Pumping Main | 188 | 144 | 44 |
| 6 | HSC & Road Restoration | 131 | 100 | 31 |
| | **TOTAL :-** | **1362** | **1042** | **320** |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि निर्माण कार्य प्रगति बार–बार समीक्षा के बाद भी अत्यन्त कम है, जो खेदजनक है। उक्त पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं सम्बन्धित फर्म के डी0जी0एम0 को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यो की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये। साथ ही निर्देश दिये गये कि पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु काटी गयी सड़कों का मरम्मत/रिस्टोरेसन का कार्य मानकानुसार समय से पूर्ण किया जाये, जिससे आवगमन में कोई असुविधा न हो एवं सड़क काटने हेतु सम्बन्धित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुये पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य कराया जाये।

(3.) <u>टी0पी0आई0</u> :–

जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 अन्तर्गत निर्गत की गयी 76 नग NC's में से 41 नग NC's का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार पैकेज–2 अन्तर्गत निर्गत की गयी 159 नग NC's में से 68 नग NC's का निराकरण किया गया है, तत्पश्चात् अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवशेष NC's का यथाशीघ्र निराकरण करने हेतु फर्मो को निर्देशित किया गया। टी0पी0आई0 को निर्देश दिये गये कि अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से दोनों फर्मो हेतु NC's पर चेतावनी निर्गत करते हुये पत्र प्रेषित

Scanned with OKEN Scanner

कराये। साथ ही पाइप लाइन की गहराई मानकानुसार रखने एवं सड़क मरम्मत/रिस्टोरेसन के कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

(शत्रोहन वैश्य)
मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेशित।

1. जिलाधिकारी महोदय, फिरोजाबाद।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
3. डी०पी०एम०, टी०पी०आई० (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
4. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज—01 मै० एन.सी.सी. लिमिटेड, फिरोजाबाद।
5. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज—02 मै० लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।

मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

Scanned with OKEN Scanner